# जातीय समानता को बढ़ावा देने के
# मौजूदा और योजनाबद्ध उपाय

## समान अवसर कमीशन

समान अवसर कमीशन (EOC), हांग कांग में मई 1996 में स्थापित किया गया था, जो लिंग भेदभाव अध्यादेश (SDO), विकलांगता भेदभाव अध्यादेश (DDO), पारिवारिक स्थिति भेदभाव अध्यादेश (FSDO), और जातीय भेदभाव अध्यादेश (RDO) को कार्यान्वित करने के लिए एक वैधानिक निकाय है।

आयोग लिंग, वैवाहिक स्थिति, गर्भावस्था, स्तनपान, विकलांगता, पारिवारिक स्थिति और जातीय आधार पर भेदभाव को खत्म करने की दिशा में काम करता है।

हम विकलांगता और जातीयता के आधार पर यौन उत्पीड़न, स्तनपान उत्पीड़न और उत्पीड़न तथा तिरस्कार को खत्म करने का भी लक्ष्य रखते हैं। हम पुरुषों और महिलाओं, विकलांगता वाले और बिना विकलांगता वाले व्यक्तियों के बीच उनकी पारिवारिक स्थिति या जातीयता की परवाह किए बिना समान अवसरों को बढ़ावा देते हैं।
**EOC** ने कांस्टीट्यूशनल एण्ड मेनलैंड अफेयर्स ब्यूरो (CMAB) द्वारा जारी "नस्लीय समानता के प्रोत्साहन पर प्रशासनिक दिशानिर्देशों" के अंतर्गत एक जाँचसूची तैयार की गई है, जिसमें कमीशन द्वारा नस्लीय समानता के प्रोत्साहन और लोगों को प्रदान की जाने वाली मुख्य सेवाओं तक एक समान पहुँच के संबंध में सेवाओं और मौजूदा तथा योजनागत उपायों पर प्रकाश डाला गया है। यह जाँचसूची और इसके साथ अन्य जानकारी जो सरकारी ब्यूरो/विभागों से प्राप्त की गई है, लोगों के द्वारा देखे जाने के लिए CMAB की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## A. पूछताछ और शिकायत सेवाएँ

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • EOC, गैरकानूनी कृत्यों की शिकायतों को देखता है, उनकी जाँच और समाधान करता है और SDO के अनुच्छेद 84 और 85, DDO के अनुच्छेद 80 और 81, FSDO के अनुच्छेद 62 और 63, तथा RDO के अनुच्छेद 78 और 79 के तहत तदनुसार सहायता प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य भेदभाव, उत्पीड़न और अपमान को समाप्त करना तथा विभिन्न लिंग, क्षमताओं, परिवारिक स्थिति और नस्लों के व्यक्तियों के बीच अवसरों की समानता और सद्भाव को बढ़ावा देना है।<br>• *अनुच्छेद* 84 *और* 85 SDO, *अनुच्छेद* 80 *और* 81 DDO, *अनुच्छेद* 62 *और* 63 FSDO, तथा RDO के अनुपालन के संबंध में EOC |

| | |
|---|---|
| | सरकारी अधिकारियों, अन्य दलों और व्यक्तियों को परामर्श देता है और *उनके सवालों का जवाब देता* है। |
| मौजूदा उपाय | • हम विविध जातीयता के लोगों द्वारा पूछताछ करने और शिकायत दर्ज कराने के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करते हैं।<br>• जाँच और शिकायत सेवाओं के प्रबंधन के लिए विविध जातीय समूहों की ज़रूरतों, संवेदनशीलता और चिंताओं को ध्यान में रखा जाता है।<br>• ज़रूरत होने पर विविध जातीयता के पूछताछकर्ताओं और शिकायतकर्ताओं की भाषा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुवाद और दुभाषिया सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। |
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | • EOC नियमित रूप से विविध जातीयता के लोगों की सेवाओं तक समान पहुंच बढ़ाने के लिए इसकी जांच और शिकायत का प्रबंधन करने वाली सेवाओं और इसके उपायों का नियमित मूल्यांकन और समीक्षा करेगा। |
| किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • विभिन्न वर्ग के पूछताछकर्ताओं और शिकायतकर्ताओं को शिकायत निवारण प्रक्रिया (CHP) और/या सुलह प्रक्रियाओं को तुरंत समझ पाने में सहायता करने के लिए कदम उठाए गए हैं। इसके तहत CHP और सुलह वीडियो के सबटाइटल और शिकायतकर्ताओं और प्रतिवादियों के लिए CHP जानकारी, चीनी और अंग्रेजी के अलावा दस अन्य भाषाओं में प्रदान की जाएगी, जिनमें बहासा इंडोनेशिया, बंगाली, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, सिंहली, तागालोग, थाई, उर्दू और वियतनामी शामिल हैं।<br>पूछताछ फॉर्म और शिकायत फॉर्म ऊपर दी गई भाषाओं में भी आसानी से उपलब्ध हैं ताकि विभिन्न नस्लों के पूछताछकर्ताओं और शिकायतकर्ताओं द्वारा आवश्यकतानुसार त्वरित और उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।<br>• जातीयता के मुद्दों और/या जातीय समूहों से संबंधित पूछताछ और शिकायतों के आँकड़े (डेटा) जातीय समानता नीतियों और उपायों की निरंतर समीक्षा के लिए एकत्र किए जाएँगे।<br>• पूछताछ करने वालों और शिकायतकर्ताओं द्वारा (चीनी और अंग्रेजी के अलावा) अनुरोध की गई विशेष भाषा जरूरतों के उचित रिकॉर्ड आंतरिक डेटा संग्रह प्रणाली में रखे जाएंगे। |

## B. आम जनता के लिए प्रशिक्षण सेवा

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • समान अवसर विधान और संबंधित प्रबंधन रणनीतियों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए EOC का नीति, अनुसंधान और प्रशिक्षण |

विभाग आम जनता को दो चरणों में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जो हैं कैलेंडर प्रशिक्षण और विशिष्ट रूप से तैयार प्रशिक्षण।

मौजूदा उपाय

- प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रयुक्त भाषा माध्यम
  - कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत, EOC प्रत्येक वर्ष स्प्रिंग (बसंत) और ऑटम (पतझड़) के दौरान दो श्रृंखलाओं का आयोजन करत है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कैंटोनीज़ और दूसरी भाषाएँ बोलने वाले लोग बिना किसी भाषा अवरोध के हमारे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग ले सकें, दोनों श्रृंखलाओं में निःशुल्क कैंटोनीज़ और अंग्रेजी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं।
  - विशिष्ट रूप से तैयार प्रशिक्षण के तहत, कैंटोनीज़ और अंग्रेजी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संगठनों के अनुरोध पर प्रदान किए जाते हैं।
- प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की विषय-सामग्री
  - जातीय समानता को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त होने पर RDO के तहत सांस्कृतिक समानता, सांस्कृतिक रूप से समावेशी कार्यस्थल और प्रमुख गैरकानूनी कार्यों की अवधारणा को मौजूदा कैलेंडर प्रशिक्षण और विशिष्ट रूप से तैयार प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जाता है।
- प्रशिक्षण सेवाओं तक पहुंच
  - सभी सूचनाओं और नामांकन विवरणों को EOC की वेबसाइट पर चीनी और अंग्रेजी दोनों में देखा जा सकता है।
  - नामांकन फ़ॉर्म चीनी और अंग्रेजी में EOC की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

भविष्य के काम का मूल्यांकन

- हर साल दोनों प्रशिक्षण श्रृंखलाओं में जातीय समानता से संबंधित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की सामग्री की प्रशिक्षकों द्वारा समीक्षा जारी रहेगी।

## C. विविध जाति के लोगों के लिए प्रशिक्षण सेवा

संबंधित सेवाएं

- EOC की जातिगत अल्पसंख्यक इकाई ("यूनिट") भेदभाव-विरोधी संरक्षण पर प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान करने और उनकी भाषा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए जातीय समूहों *के साथ* सक्रिय रूप से संपर्क में रहती है।

मौजूदा उपाय

- आवश्यक और व्यावहारिक होने पर विभिन्न जातीय समूहों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न के माध्यम से प्रदान किए जाएँगे:
  - समूहों की अपेक्षित भाषाओं में कुशल स्टाफ सदस्यों द्वारा प्रत्यक्ष सेवा प्रदान करके

- बाह्य  सेवा देने वालों द्वारा दुभाषिया और/या अनुवाद सेवाओं के लिए रेफ़रल (सिफारिश) करके
- अपेक्षित भाषा समर्थन वाले गैर सरकारी संगठनों, जातीय समूहों या वाणिज्य दूतावासों के साथ सहयोग *करके*

| | |
|---|---|
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | • प्रदान की गई प्रशिक्षण सेवा पर विविध जातीय समूहों से प्रत्यक्ष टिप्पणी / प्रतिक्रिया यूनिट की आउटरीच गतिविधियों के दौरान और जातीय समुदाय के नेतृत्वकर्ताओं के साथ नियमित बैठकों में एकत्र की जाएगी। |
| किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • जातीय समूहों के लिए अन्य भाषाओं में प्रशिक्षण और शैक्षिक सामग्रियां उपलब्ध करवाई जाती हैं।<br>• भाषा सहायता रणनीति की निरंतर समीक्षा विभिन्न जातीय समूहों के साथ लगातार जारी सामुदायिक जुड़ाव अभ्यास से प्राप्त फीडबैक के अनुसार की जाएगी। |

**D. आवश्यकता वाले उपयोगकर्ताओं को उपयुक्त भाषा सेवाओं का प्रावधान**

| | |
|---|---|
| संबंधित सेवाएं | • EOC विविध जातीयता के लोगों द्वारा उसकी सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए जो चीनी/ अंग्रेजी पढ़ने या उसमें संवाद करने में असमर्थ हैं, संचार की सुविधा के लिए उपयुक्त भाषा सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। |
| मौजूदा उपाय | • EOC द्वारा कार्यान्वित किए गए चार भेदभाव अध्यादेशों और अन्य संबंधित सूचनाओं पर सूचना पत्रक अंग्रेजी और चीनी के अलावा आठ भाषाओं : बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, तागालोग, थाई, उर्दू और वियतनामी में प्रदान किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ग भेदभाव अध्यादेश (Race Discrimination Ordinance) के संबंध में जानकारी पत्रक को दो और भाषाओं, बंगाली और सिंहली में प्रदान किया जा रहा है। ये पत्रक EOC के कार्यालय में उपलब्ध हैं या EOC की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवश्यक और व्यावहारिक होने पर चीनी और अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में प्रचार सामग्री का अनुवाद किया जाता है।  सटीकता सुनिश्चित करने के लिए, सेवा प्रदाता द्वारा किए गए अनुवाद को एक अन्य सेवा प्रदाता द्वारा अतिरिक्त प्रूफरीडिंग के चरण से गुजरना होगा। |

| | |
|---|---|
| भविष्य के काम का मूल्यांकन | • निरंतर समीक्षा और सुधार के लिए विविध जातियों के सेवा उपयोगकर्ताओं को प्रदान की गई भाषा समर्थन की प्रभावशीलता पर प्रतिक्रिया प्राप्त की जाएगी।<br>• अनुवाद और दुभाषिया सेवा के लिए अनुरोधों की संख्या और प्रदान की गई सेवा की समीक्षा की जाएगी ताकि भविष्य की सेवा आवश्यकताओं और आवश्यक संसाधनों की योजना के बारे में पता लगाया जा सके। |
| किए गए / किए जाने वाले अतिरिक्त उपाय | • जानकारी के प्रसार को अन्य बढ़ते हुए नस्लीय समूहों जैसे बंगाली, सिंहली और वियतनामी तक विस्तारित करने के लिए, अन्य तीन भेदभाव-विरोधी अध्यादेश (नस्लीय भेदभाव अधिनियम के अलावा) से संबंधित प्रमुख जानकारी पत्रकों का अनुवाद किया जा रहा है और उन्हें EOC की वेबसाइट से उपलब्ध कराया जाएगा।<br>• अंग्रेजी और चीनी के अलावा अन्य भाषाओं में नि:-शुल्क दुभाषिया / अनुवाद सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, EOC के परिसर में सुस्पष्ट नोटिस / पोस्टर प्रदर्शित किया गया है और उचित रूप से EOC की वेबसाइट पर डाला जाएगा।<br>• फ्रंटलाइन कर्मचारियों को सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध EOC की भाषा सेवा के बारे में बताने के लिए नियमित रूप से प्रोत्साहित किया जाता है। अंग्रेज़ी / चीनी नहीं बोलने वाले EOC के सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए संचार को सुविधाजनक बनाने के लिए 36 भाषाओं में मदद देने वाले विशेष AI अनुवादक ईयरबड्स उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका आवश्कतानुसार उपयोग किया जा सकता है।<br>• अनुवाद और दुभाषिया सेवा के लिए अनुरोधों की संख्या, सेवा और संसाधनों की समीक्षा के लिए एकत्र की जाती हैं ।<br>• EOC की वेबसाइट पर उपलब्ध EOC के व्यक्तिगत जानकारी संग्रहण कथन, गोपनीयता नीति कथन और हमसे संपर्क करें फॉर्म का दस भाषाओं में अनुवाद किया गया है<br>• सभी कर्मचारियों, विशेष रूप से फ्रंटलाइन कर्मचारियों को अनुवाद / दुभाषिया सेवाओं की व्यवस्था करने संबंधी कार्य पद्धतियों की जानकारी से अवगत कराया जाएगा, ताकि प्रभावी सेवा दी जाना सुनिश्चित हो सके। |

पूछताछ या प्रतिक्रिया के लिए, निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से कॉर्पोरेट योजना और सेवा प्रभाग के वरिष्ठ समान अवसर अधिकारी (प्रशासन और कार्मिक), *मिस ग्लोरिया यू* (Miss Gloria YU) से संपर्क करें -

ई-मेल: eoc@eoc.org.hk
टेलीफ़ोन नंबर : (852) 2511 8211
फ़ैक्स नंबर: (852) 2511 8142
SMS सेवा: 6972566616538 (सुनने / बोलने में कठिनाई वाले लोगों के लिए)

- विकलांग व्यक्तियों को जिन्हें EOC कार्यालय पहुंचने में शारीरिक सहायता की आवश्यकता है, वे हमसे 2511 8211 पर संपर्क कर सकते हैं।
- कार्यालय समय के अलावा सामान्य पूछताछ के लिए, कृपया हमारी हॉटलाइन 2511 8211 पर संदेश (वॉइस मैसेज) छोड़ें ।

**समान अवसर कमीशन**
**जून 2025**